हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 12 अप्रैल 2026

04 2,40,287 लाडली बहनों के खातों में 35 करोड़ ...



07 टीईटी के विरोध में कल शिक्षक शिक्षिकाएं...





## खबर संक्षेप में

### वेदप्रकाश परशुराम सेना जिला महामंत्री नियुक्त

नलखेड़ा। सर्व ब्राह्मण परशुराम सेना के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने आगर ग्रामीण जिलाध्यक्ष श्याम प्रकाश व्यास की अनुशंसा पर बड़ागांव निवासी वेदप्रकाश शर्मा को आगर ग्रामीण जिला महामंत्री नियुक्त किया है।



### चिकित्सक डॉक्टर योगी का आकस्मिक निधन

नलखेड़ा। समाजसेवी तथा नगर के चिकित्सक डॉ. सत्यनारायण नाथ योगी का शुक्रवार रात्रि को हृदय घात से आकस्मिक निधन हो गया। शनिवार को उनकी अंतिम यात्रा नगर में निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में नगर वासियों तथा समाजजनों व चिकित्सकों ने भाग लेकर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। नगर में विगत 40 वर्षों से भी अधिक समय तक क्षेत्र वासियों की चिकित्सा सेवा करने वाले डॉ एसएन योगी जो कि शुक्रवार को अपने रिश्तेदार की तबीयत का हाल जानने के लिए उज्जैन हॉस्पिटल गए थे। वहां से लौटते समय रास्ते में एक स्थान पर भोजन करने के दौरान उन्हें हार्ट अटैक का दौरा आने पर अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित किया। शनिवार सुबह 10 बजे उनके निवास स्थान मुखर्जी मार्ग नलखेड़ा से अंतिम यात्रा निकाली गई। मुक्तिधाम पर उनके पुत्र रूपेश नाथ योगी एवं कुणाल नाथ योगी व परिवार जनों ने उन्हें मुखाग्नि दी।



### प्रभारी मंत्री ने ली जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक

# स्कूल चले हम अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें : चौहान





हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

जिला आगर-मालवा में जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक शनिवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में मध्यप्रदेश शासन के अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री नागरसिंह चौहान की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिले के समग्र विकास, विभिन्न विभागों की प्रगति तथा जनहित से जुड़े विषयों पर विस्तृत समीक्षा की गई।

प्रभारी मंत्री चौहान ने स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए स्कूल चले हम अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष बल दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि विद्यार्थियों को समय पर पाठ्य-पुस्तकों का वितरण सुनिश्चित किया जाए तथा बाउंड्री विहीन विद्यालयों में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ की जाए। साथ ही छात्रावासों के सुचारू संचालन एवं आवश्यकतानुसार पुनर्व्यवस्थापन पर भी चर्चा की गई। प्रभारी मंत्री ने 14 वर्ष तक की बालिकाओं का शत-प्रतिशत एचपीवी टीकाकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान जिला चिकित्सालय सहित सभी शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करते हुए मरीजों को बेहतर उपचार सुविधा उपलब्ध कराने तथा शासकीय योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंचाने पर जोर दिया। साथ ही लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को जिला चिकित्सालय में जल गुणवत्ता का नियमित परीक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जल संसाधन एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की समीक्षा के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में पाइपलाइन बिछाने के पश्चात सड़कों पर किए गए गड्ढों को शीघ्र भरवाने तथा रोड रेस्टोरेशन कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में सरपंच एवं सचिव की स्वीकृति सुनिश्चित की जाए तथा कार्य निर्धारित मापदंडों के अनुरूप पूर्ण किए जाएं। सड़क निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए प्रभारी मंत्री ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत निर्मित सड़कों एवं रपटों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री ने आगामी डॉ. अंबेडकर जयंती के अवसर पर जिले में भव्य कार्यक्रम आयोजित करने एवं अंबेडकर प्रतिमाओं की आकर्षक सजावट सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही 10 अप्रैल से प्रारंभ ह्लनारी शक्ति वंदन पखवाड़ाह्व के अंतर्गत जनप्रतिनिधियों एवं आमजन की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करते हुए विभिन्न जनजागरूकता गतिविधियों के आयोजन के निर्देश महिला एवं बाल विकास विभाग को दिए।

बैठक में स्कूल शिक्षा, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, जल संसाधन, जल निगम, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, लोक निर्माण विभाग, म.प्र. ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण तथा किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग द्वारा पावर प्रेजेंटेशन के माध्यम से विभागीय योजनाओं एवं कार्यों की प्रगति प्रस्तुत की गई, जिस पर प्रभारी मंत्री द्वारा बिंदुवार समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। कलेक्टर प्रीति यादव द्वारा जिले के विकास संबंधी जानकारी प्रस्तुत की गई। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष मुन्ना बाई चौहान, विधायक आगर मधु गहलोत, विधायक सुसनेर भैरूसिंह बापू, जिला अध्यक्ष ओम मालवीय, नगर पालिका अध्यक्ष नीलेश जैन पटेल, भैरू सिंह चौहान, सांसद प्रतिनिधि दिनेश परमार, बाबूलाल यादव, प्रेम यादव, मयंक राजपूत, कैलाश कुंभकार, अजय जैन, भरत प्रजापत, जितेंद्रसिंह, राजमल सिंह, रामबाबू पाटीदार, मुकेश केलकर, अर्जुन सिंह चौधरी, श मुकेश सावला, लक्ष्मण सिंह, कैलाश नारायण बजाज, शंकर सिंह, गोवर्धन पाटीदार, जितेंद्र सांखला सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी, जिला पंचायत सीईओ बी.एस. सोलंकी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रविंद्र कुमार बोयत, जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी एस.एस. मालवीय सहित समस्त विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### मंत्री विजयवर्गीय व प्रभारी मंत्री ने 98.34 लाख की सड़क निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन

## 'प्रदेश सरकार शहरों के समग्र विकास के लिए सतत प्रयासरत'





नलखेड़ा। मध्यप्रदेश शासन के नगरीय विकास एवं आवास तथा संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय एवं अनुसूचित जाति कल्याण विभाग मंत्री तथा आगर-मालवा जिले के प्रभारी मंत्री नागर सिंह चौहान ने शनिवार को आगर-मालवा में बडौद चौराहा से पाल रोड तक 98.34 लाख रुपए की लागत से बनने वाली डामरीकृत सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया।

इस अवसर पर नगरीय विकास मंत्री विजयवर्गीय ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश सरकार शहरों के समग्र विकास के लिए सतत प्रयासरत है। नगरीय क्षेत्रों में सुदृढ़ सड़क नेटवर्क एवं बेहतर जल निकासी व्यवस्था सुनिश्चित करना प्राथमिकता में है। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्यों के माध्यम से नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी तथा विकास कार्यों में पारदर्शिता एवं समयबद्धता सुनिश्चित की जाएगी। प्रभारी मंत्री चौहान ने कहा कि नगर क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार शासन की प्राथमिकता है। सड़कों एवं नाली निर्माण से क्षेत्रवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा जल निकासी की समस्या का स्थायी समाधान होगा। कार्यक्रम में विधायक मधु गहलोत, जयदीप पटेल, जिला अध्यक्ष ओम मालवीय, बाबूलाल यादव, नगर पालिका अध्यक्ष नीलेश पटेल, जनप्रतिनिधि कैलाश काका, मयंक राजपूत, आभा चोपड़ा, अजय जैन, भरत प्रजापत, प्रेम यादव, करण सिंह, कैलाश कुंभकार, जगदीश गवली, अशोक प्रजापत, सूरज सिंह, मनीष सोलंकी, हरि नारायण यादव, रोहित सकलेचा, महेश शर्मा, अनिल मंडावरा, सचिन भाई, श्रीमती मीना, रानू नरवाल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी कुशल सिंह डोडवे सहित सभी पार्षदगण एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## जैन श्वे मूर्तिपूजक श्रीसंघ नलखेड़ा के नवीन अध्यक्ष पद पर विजय चुने गए



नलखेड़ा। जैन श्वे मूर्तिपूजक श्रीसंघ नलखेड़ा की बैठक में समाज के नवीन अध्यक्ष पद के लिए विजय तातेड़ को उपस्थित समाजजनों द्वारा चुना गया। इसी के साथ संरक्षक मंडल में भी वरिष्ठ समाज जनों की नियुक्ति की गई। स्थानीय समाज के वर्तमान ट्रस्ट मंडल के अध्यक्ष जितेंद्र सकलेचा एवं उनकी टीम का कार्यकाल सफलतापूर्वक पूर्ण होने के बाद समाज के नवीन ट्रस्ट मंडल के लिए शनिवार रात्री को स्थानीय श्वेतांबर जैन धर्मशाला में एक जनरल मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के उपस्थितजनों द्वारा अध्यक्ष पद हेतु विजयकुमार सागरमल तातेड़ को चुना गया।

तातेड़ समाज की विभिन्न इकाइयां में भी अपने मिले हुए दायित्वों का निर्वहन सेवा भाव की भावनाओं के साथ सफलतापूर्वक कर चुके हैं। उनकी धार्मिक निष्ठा और समाज के प्रति समर्पण ने उन्हें इस गरिमामयी पद पर प्रतिष्ठित किया है। आपके कुशल मार्गदर्शन में श्री संघ नलखेड़ा नई ऊँचाइयों को छुएगा और समाज में एकता, धर्म प्रभावना तथा सेवा के कार्यों को और अधिक गति मिलेगी। तातेड़ की अध्यक्ष पद पर नियुक्त होने के बाद समाजजनों, युवाओं तथा इष्ट मित्रों द्वारा बधाई देते हुए उनके नेतृत्व में समाज को नई ऊंचाईया प्राप्त हो यहां मंगल कामना की गई। तातेड़ को अध्यक्ष चुने जाने के साथ ही नवीन ट्रस्ट मंडल के संरक्षण पदों पर भी बैठक में निर्णय कर नियुक्ति की गई।

# पीडीएस का चावल ले जा रहे पिकअप वाहन को नायब तहसीलदार ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा



नलखेड़ा क्षेत्र में प्रशासन ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत मिलने वाले अनाज की कालाबाजारी पर कार्रवाई की है। नायब तहसीलदार अरुण चंद्रवंशी ने सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पीडीएस के चावल से भरे एक पिकअप वाहन को पकड़कर खाद्य विभाग के हवाले किया है। वाहन में 55 से 60 बोरी पीडीएस का चावल होना बताया जा रहा है। खाद्य विभाग जांच में जुट गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थानीय प्रशासन को लंबे समय से शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ दुकानदार पीडीएस का चावल खरीदकर उसे अवैध रूप से बाहर बेच रहे हैं। इसी सूचना के आधार पर नायब तहसीलदार ने निगरानी बढ़ाई और संदिग्ध वाहन को ग्राम हिरनखेड़ी के समीप रोककर जांच की। जांच के दौरान पिकअप वाहन में 55 से 60 कट्टे चावल, 8 बोरी मसूर और 10 बोरी गेहूं भरा हुआ पाया गया। कार्रवाई के बाद तुरंत खाद्य विभाग को सूचित किया गया, जिस पर कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सुरेश गुर्जर मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि यह वाहन ग्राम मोड़ी निवासी प्रद्युम्न जैन का बताया जा रहा है। साथ ही यह भी जानकारी मिली है कि वाहन में भरा अनाज नलखेड़ा के फुटकर व्यापारियों से खरीदा हुआ हो सकता है।

वाहन को नलखेड़ा थाने में खड़ा कराया गया है और संबंधित लोगों से पूछताछ की जा रही है। खाद्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि पूरे मामले की गहन जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई से क्षेत्र में पीडीएस अनाज की कालाबाजारी करने वालों में हड़कंप मच गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि गरीबों के हक का अनाज हड़पने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

## गेहूं खरीदी की 'ठंडी' शुरुआत, 240 केंद्रों पर महज 535 अन्नदाता पहुंचे, औसत 2 किसान प्रति केंद्र

### रस्म अदायगी के साथ शुरू हुआ उपार्जन, पहले दिन लक्ष्य के मुकाबले केंद्रों पर सन्नाटा



**जिले में खरीदी के प्रमुख आंकड़े**

कुल पंजीकृत किसानः 1,02,485
कुल खरीदी केंद्रः 240
खरीदी का लक्ष्यः 7 लाख मीट्रिक टन
पहले दिन पहुंचे किसानः 535
पहले दिन की खरीदीः 2247 मीट्रिक टन
अंतिम तिथिः 5 मई

सीहोर। जिला प्रशासन के निर्देशों के बाद शुक्रवार से जिले भर के 240 उपार्जन केंद्रों पर समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की औपचारिक शुरुआत हो गई। हालांकि पहले दिन केंद्रों पर रौनक काफी कम नजर आई। आंकड़ों पर गौर करें तो प्रति केंद्र औसत महज 2 से 3 किसान ही अपनी उपज लेकर पहुंचे। जिला प्रशासन द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार शाम 5 बजे तक जिले के सभी केंद्रों को मिलाकर कुल 535 किसानों से 2247 मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी की गई है।



कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले के उपार्जन केंद्रों पर तौल कांटों का पूजन कर खरीदी कार्य प्रारंभ किया गया। कई केंद्रों पर पहुंचे शुरुआती किसानों का फूल-मालाओं से स्वागत भी किया गया। जिला उपार्जन प्रभारी आकाश चंदेल ने बताया कि व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन मुस्तैद है और जिले के करीब 19,339 किसान अब तक अपनी फसल बेचने के लिए ऑनलाइन स्लॉट बुक कर चुके हैं।

### व्यवस्थाओं के दावे, पर केंद्रों पर सन्नाटा

प्रशासन ने केंद्रों पर छाया, पेयजल और बैठने की माकूल व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं, लेकिन खरीदी के पहले दिन उत्साह उम्मीद से कम रहा। जिले में कुल 1,02,485 किसानों ने पंजीयन कराया है और लक्ष्य 7 लाख मीट्रिक टन का है। ऐसे में पहले दिन की 2247 मीट्रिक टन की खरीदी महज एक 'औपचारिकता' की तरह देखी जा रही है।

### प्रति क्विंटल 2625 मिलेगा दाम

बता दें इस बार शासन ने गेहूं का समर्थन मूल्य 2625 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया है, जो पिछले वर्षों के मुकाबले किसानों के लिए राहत की बात है। खरीदी का समय सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक तय किया गया है। किसानों की सुविधा के लिए सप्ताह में केवल 5 दिन सोमवार से शुक्रवार ही खरीदी की जाएगी। शनिवार और रविवार को केंद्र बंद रहेंगे, ताकि खरीदे गए माल के उठाव और प्रबंधन का कार्य किया जा सके।

### नाले की साफ-सफाई

सीहोर। कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले में अनेक जल संरक्षण गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। अभियान के तहत कोठरी नप द्वारा वार्ड क्रमांक 15 में बड़े नाले की साफ-सफाई कार्य किया गया। इसी प्रकार रेहटी नप द्वारा वार्ड क्रमांक 13,14 और 15 में नाले-नालियों की सफाई की गई। जिन नलों में टोटी नहीं लगी हुई थी उन नलों में टोटी लगाई गई, ताकि पानी व्यर्थ न बहे। नागरिकों को भवन निर्माण मे वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने के लिए प्रेरित किया।


### माली समाज ने नगर में निकाला चल समारोह

# ज्योतिबा फुले जयंती उत्सव धूमधाम से मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कानड़







महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती के अवसर पर माली समाज द्वारा नगर में भव्य चल समारोह निकाला गया। ज्योतिबा फुले अमर रहें के नारों से पूरा नगर गूंज उठा। आयोजन में समाज के वरिष्ठजनों, युवाओं, महिलाओं और युवतियों की भागीदारी रही। चल समारोह का शुभारंभ बजरंग मोहल्ला स्थित देवनारायण मंदिर से हुआ, जहां बग्गी में ज्योतिबा फुले की स्मृति चिन्ह को सुसज्जित कर विराजित किया गया। यात्रा प्रमुख मार्गों से होते हुए विजय ऑटो शोरूम पहुंची, जहां इसका समापन हुआ। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा कर समाजजनों का स्वागत किया गया।

माताजी चौराहा पर भाजपा जिला मंत्री कवित शर्मा एवं पार्षद मांगूबाई आर्य ने ज्योतिबा फुले के चित्र पर माल्यार्पण कर स्वागत किया तथा शीतल पेय वितरित कर समाज का अभिनंदन किया। वहीं नगर सुरक्षा समिति, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष राजमल सोनी, कैलाश मालवीय, प्रवीण सोनी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी स्वागत किया। आर्य समाज मंदिर पर वेद कथा समिति के सदस्य विजय कुमार अग्रवाल, दरबार सिंह आर्य, अमृतलाल शर्मा, प्रमोद शर्मा, दुर्गा प्रसाद सोलंकी एवं शिव परमार ने चल समारोह का अभिनंदन किया।

इसी प्रकार प्राथमिक कृषि संस्था के पास एवं संत शिरोमणि रविदास मंदिर चौराहे पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष गौरीशंकर सूर्यवंशी के नेतृत्व में भी समाजजनों का पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया। समापन अवसर पर समाज के वरिष्ठजनों ने ज्योतिबा फुले के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उनके सामाजिक सुधारों और शिक्षा के क्षेत्र में योगदान को याद किया। कार्यक्रम के अंत में भोजन प्रसादी का आयोजन भी किया गया। चल समारोह में गोरधनलाल माली, भेरूलाल माली, शिवनारायण, रमेश पोस्टमैन, प्रेमनारायण माली, मोहनलाल आर्य, हरिनारायण पटेल, राजेश माली, ओमशंकर माली, पवन माली, विनोद, मनोज, महेश, धर्मेंद्र माली, दिनेश माली, धर्मराज माली सहित गुजराती माली समाज के अनेक समाजजन एवं बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

**खबर संक्षेप**

## बालिकाओं को लगाई एचपीवी की वैक्सीन

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय ह्यूमन पैपिलोमा वायरस टीकाकरण कार्यक्रम के तहत 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं का टीकाकरण किया जा रहा है। सीएमएचओ डॉ सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि सीहोर जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में भी एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम के तहत बालिकाओं को एचपीवी की वैक्सीन लगाई जा रही है। इसी क्रम में 10 अप्रैल को जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में जिले की 1474 बालिकाओं को एचपीवी की वैक्सीन लगाई गई।

## संदीपनी स्कूल में लगा आधार अपडेशन शिविर

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार शिक्षा विभाग द्वारा संचालित ₹विद्यार्थियों के लिए आधार अब विद्यालय के द्वार₹ अभियान के अंतर्गत भैरूंदा के शासकीय सांदीपनि विद्यालय में आधार अपडेशन शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 40 विद्यार्थियों का आधार अपडेट किया गया। कैंप प्रभारी राधिका भावरेटा ने बताया कि विद्यालय स्तर पर इस प्रकार के शिविर आयोजित करने से विद्यार्थियों को समय पर आधार अपडेट की सुविधा मिल रही है, जिससे उन्हें विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। विद्यालय प्रशासन ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों के आधार को समय-समय पर अपडेट कराते रहें, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### सीएम डॉ. मोहन यादव आज करेंगे विकास कार्यों का लोकार्पण-भूमिपूजन

# 2,40,287 लाड़ली बहनों के खातों में 35 करोड़ 39 लाख की राशि करेंगे अंतरित

कार्यक्रम में 69 करोड़ 60 लाख रुपए लागत के कई निर्माण कार्यों का भूमिपूजन भी होगा। इनमें सड़क निर्माण, शासकीय स्कूल भवन, पुलिस आवास, छात्रावास और थाना भवन प्रमुख हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 12 अप्रैल को आष्टा में एक कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस दौरान वे प्रदेश की 2,40,287 लाड़ली बहनों के खातों में 35 करोड़ 39 लाख 32 हजार 500 रुपए की राशि अंतरित करेंगे। साथ ही, 184 करोड़ 92 लाख रुपए के कई विकास एवं निर्माण कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारियों के तहत शिक्षा विभाग, प्रशासन और नगर पालिका सक्रिय हैं। इसी क्रम में, पुराना भोपाल-इंदौर मार्ग और मुगली मार्ग, जो पिछले छह महीने से खराब स्थिति में थे, उनमें से पुराना भोपाल-इंदौर मार्ग के गड्ढों को एक दिन में ठीक कर दिया गया है।

### इन विकास कार्यों का करेंगे लोकार्पण

मुख्यमंत्री 115 करोड़ 32 लाख रुपए लागत के कार्यों का लोकार्पण करेंगे। इनमें आष्टा नगर पालिका के वार्ड-16 घनश्यामपुरा में आंगनवाड़ी भवन, पार्वती नदी पर घाट निर्माण और जावर में नेवज नदी का जीर्णोद्धार एवं पुलिया निर्माण कार्य शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, आष्टा और जावर में सांदीपनि विद्यालय भवन, सिद्धिकगंज में उप तहसील कार्यालय, आष्टा में एसडीएम कार्यालय भवन, ग्राम मेहतवाड़ा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तथा आष्टा-शुजालपुर मार्ग से विभिन्न गांवों को जोड़ने वाले पुलों का भी लोकार्पण किया जाएगा। कार्यक्रम में 69 करोड़ 60 लाख रुपए लागत के कई निर्माण कार्यों का भूमिपूजन भी होगा। इनमें सड़क निर्माण, शासकीय स्कूल भवन, पुलिस आवास, छात्रावास और पुलिस थाना भवन प्रमुख हैं। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के 96 निर्माण कार्य, 54 सामुदायिक भवन, कोठरी नगर परिषद की पेयजल योजना, आष्टा में आरसीसी नाला निर्माण, सड़क चौड़ीकरण एवं सौंदर्याकरण सहित अन्य विकास कार्यों का भी भूमिपूजन किया जाएगा।

### सुबह 11 बजे पहुंचेंगे आष्टा

विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने बताया है कि मुख्यमंत्री सुबह 11 बजे हेलिकॉप्टर से आष्टा पहुंचेंगे। वे मंडी गेट कन्नौद रोड से सांदीपनि विद्यालय तक रोड शो करते हुए मुख्य कार्यक्रम स्थल पर जाएंगे।

### कार्यक्रम की तैयारियों का डीआईजी और कलेक्टर-एसपी ने लिया जायजा

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 12 अप्रैल को सीहोर जिले के आष्टा में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश की एक करोड़ 25 लाख से अधिक लाड़ली बहनों के खाते में 1836 करोड़ रूपये से अधिक की राशि अंतरित करेंगे। इसके साथ ही सीहोर जिले के 184 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियों का डीआईजी श्री राजेश चंदेल, कलेक्टर श्री बालागुरू के. तथा एसपी श्री दीपक कुमार शुक्ला ने जायजा लिया। इस दौरान आष्टा विधायक श्री गोपाल सिंह इंजीनियर भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान एसडीएम श्री नितिन टाले, तहसीलदार श्री रामलाल पगारे, जनपद सीईओ श्री अमित व्यास सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## आचार्य श्री के प्रेरणादायी सानिध्य से गूंज उठा समूचा डीडब्ल्यूपीएस विद्यालय परिसर

**संस्कार और जीवन मूल्यों के दिए संदेश**



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

देहली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में शनिवार का दिन उस समय विशेष बन गया, जब परम पूज्य श्वेतांबर जैन धर्म के वाणी के जादूगर आचार्य भगवंत श्री जीतरत्न सागर सूरीश्वर महाराज जी का पावन आगमन हुआ। उनके आगमन की सूचना मिलते ही विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों एवं स्टाफ के बीच हर्ष और उत्साह का वातावरण निर्मित हो गया। आचार्य श्री के सान्निध्य में आयोजित विशेष संवाद सत्र में विद्यार्थियों को जीवन के महत्वपूर्ण मूल्यों, संस्कारों एवं आदर्शों से परिचित होने का दुर्लभ अवसर प्राप्त हुआ।

अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में आचार्य श्री ने गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व को विस्तारपूर्वक समझाते हुए कहा कि "गुरु केवल ज्ञान ही नहीं देते, बल्कि जीवन को सही दिशा देने का कार्य करते हैं। जिनके जीवन में गुरु का मार्गदर्शन होता है, वे कभी भटकते नहीं हैं।"उन्होंने वर्तमान समय में बढ़ते पाश्चात्य प्रभाव पर चिंता व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति और मूल्यों से जुड़े रहने का संदेश दिया। आचार्य श्री ने कहा कि आधुनिकता को अपनाना गलत नहीं है, लेकिन अपनी जड़ों और संस्कारों को भूल जाना उचित नहीं है।आचार्य श्री ने विद्यार्थियों को नशे एवं बुरी आदतों से दूर रहने की सीख देते हुए कहा कि "युवा अवस्था जीवन की नींव होती है, यदि इस समय सही दिशा मिल जाए तो जीवन सफल बन जाता है।" उन्होंने विशेष रूप से बालिकाओं को संबोधित करते हुए मर्यादा, संस्कृति और आत्मसम्मान को बनाए रखने की प्रेरणा दी।अपने आशीष वचनों में आचार्य श्री ने कहा कि "संस्कार ही मनुष्य की वास्तविक पहचान हैं।

शिक्षा तभी सार्थक है, जब उसमें नैतिकता और अनुशासन का समावेश हो।"इस प्रेरणादायी संवाद का विद्यार्थियों पर गहरा प्रभाव पड़ा। उन्होंने संकल्प लिया कि वे अपने गुरुजनों एवं बड़ों का सदैव सम्मान करेंगे तथा उनके बताए मार्ग पर चलकर अपने जीवन को सफल बनाएंगे।कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्राचार्या डॉ. संगीता सिंहा ने आचार्य श्री का स्वागत करते हुए भारतीय एवं जैन परंपरा अनुसार वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि "आज हमारा यह सरस्वती मंदिर और अधिक पावन हो गया है, क्योंकि संतों के चरणों का स्पर्श इस भूमि को प्राप्त हुआ है। आपका आशीर्वाद सदैव हमारे विद्यालय एवं विद्यार्थियों पर बना रहे।"इस अवसर पर समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे और सभी ने आचार्य श्री के सान्निध्य को अपने जीवन का सौभाग्य बताया।

## कामकाजी व्यस्तता के साथ महिलाएं स्वास्थ्य पर ध्यान दें: नेहा विजयर्गीय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




इनर व्हील क्लब के तत्वाधान में बड़ी संख्या में व्यस्तता के साथ स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए महिलाओं के लिए मॉर्निंग वॉक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इस मौके पर इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष नेहा विजयवर्गीय ने कहाकि व्यस्त जीवनशैली के बावजूद, महिलाओं के लिए अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देना अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि वे परिवार और समाज की रीढ़ हैं।

कार्य-जीवन संतुलन बनाए रखने और अपनी ज़रूरतों को नज़रअंदाज़ न करने के लिए व्यावहारिक सुझाव देते हुए शरीर को स्वस्थ रखने की बात कही। शनिवार को शहर के अटल पार्क में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और नियमित व्यायाम को प्रोत्साहित करने का एक बेहतरीन तरीका है। यह न केवल शारीरिक रूप से फिट रहने में मदद करती है, बल्कि मानसिक शांति, वजन नियंत्रण, और हृदय स्वास्थ्य में सुधार जैसे लाभ भी प्रदान करती है। इस मौके पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उसमें प्रथम संगीता राय, दूसरा स्थान अंकित अग्रवाल और तीसरा स्थान निकिता उपाध्याय रही अंत में सचिव सीमा व्यास और आरती ठकराल द्वारा सभी मौजूद लेडिस का आभार व्यक्त किया गया।

## तहसीलदार और नायाब तहसीलदार ने किया निरीक्षण, दिए निर्देश

**आष्टा।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण कार्य के लिए नियुक्त किए गए तहसील आष्टा के पर्यवेक्षक एवं प्रगणकों का प्रथम बैच का प्रशिक्षण शासकीय शहीद भगत सिंह महाविद्यालय आष्टा के कला संकाय भवन में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण पांच कक्षों में फील्ड ट्रेनर द्वारा प्रदाय किया गया। मकान सूचीकरण का कार्य 1 मई से प्रारंभ होकर 31 मई तक पूर्ण किया जाना है। तहसील के 196 गांव में कुल 302 प्रगणक और 48 पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं। प्रथम बैच के पहले दिन का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का नवागत अतिरिक्त तहसीलदार हेमन्त अग्रवाल और नायब तहसीलदार संदीप गौर व अजय राजपूत द्वारा निरीक्षण किया गया और प्रशिक्षणार्थियों को आवश्यक निर्देश दिए।

## नगर परिषद जावर में हुआ साधारण सम्मेलन




हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

नगर परिषद जावर का विशेष सम्मेलन संपन्न हुआ नगर परिषद अध्यक्ष मंजू वैद्य एवं पाषर्दगण तथा अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज वैद्य की उपस्थिति में 47 बिंदुओं पर सर्व सहमति से सुकृति प्रदान की गई। नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज वैद्य ने बताया कि 47 विषयों में प्रथम विषय बजट वर्ष 2026-27 राशि 479449600 की स्वीकृति प्रदान की गई।

इसी के साथ ही वर्ष 2026-27 में निकाय में गीता भवन निर्माण कार्य, दुकान निर्माण कार्य, बड़े तालाब का गहरीकरण एवं सौंदर्यकरण कार्य, खेल मैदान निर्माण कार्य, एवं मुख्य रोड का चौड़ीकरण कार्य तथा मंडी बाईपास रोड निर्माण कार्य एवं समस्त 15 वार्डों में सी सी रोड तथा नाली निर्माण कार्यों के प्रस्ताव सर्व सहमति से पारित किए गए परिषद सम्मेलन में अध्यक्ष मंजू वैद्य, सांसद प्रतिनिधि मनोज वैद्य, उपाध्यक्ष तेजसिंह कप्तान, मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरीश कुमार सोनी, पार्षद वीरेंद्र सिंह ठाकुर, मदन विश्वकर्मा, अनीता हुकम विश्वकर्मा, वर्षा विजेंद्र कुमार मालवीय, अफसाना इक़बाल शाह, उपयंत्री प्रमोद कुमार साहू, एवं समस्त पार्षदगण उपस्थित थे।

## आम्बेडकर व महात्मा फुले जयंती पर निकलेगी भव्य रैली, समिति का किया सकल हिंदू समाज ने सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर में आगामी 14 अप्रैल को भारतीय संविधान के शिल्पी डॉ. भीमराव आम्बेडकर, समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती के अवसर पर आयोजन की तैयारियां जोरों पर हैं। शनिवार को परसराम कॉम्प्लेक्स स्थित सकल हिंदू समाज अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा के कार्यालय पर कार्यक्रम समिति का पुष्पमाला एवं साफा पहनाकर भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया।कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया गया कि 14 अप्रैल, मंगलवार को प्रातः 10 बजे सुभाष ग्राउंड से भव्य रैली प्रारंभ होगी, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए डॉ. आम्बेडकर परिसर पहुंचेगी। यह आयोजन विभिन्न सामाजिक संगठनों के संयुक्त नेतृत्व में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्ष बाबूलाल जी मालवीय (पूर्व जनपद अध्यक्ष), रैली के नेतृत्वकर्ता एडवोकेट जगदीश द्रविड़, विशेष अतिथि कमल सिंह चौहान (जिला जनपद सदस्य), कृपाल सिंह मालवीय (सरपंच, मालीखेड़ी), राजकुमार मालवीय (पार्षद), रमेश टीपा खेड़ी, अमृतलाल, मुकेश मालवीय, कमल सिंह (बायपास), राकेश पटवारी, बंसीलाल बॉम्बे, प्रकाश राणाव, दिलीप गुणानिया सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।स्वागत एवं सम्मान सकल हिंदू समाज अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा पूर्व पार्षद, संयोजक मुकेश नामदेव, सचिव मनीष डोंगरे, मीडिया प्रभारी राजीव गुप्ता, कौरी समाज अध्यक्ष मोंटू कौरी, मालवीय समाज अध्यक्ष दिलीप मालवीय, रमेश मालवीय, देवकरण मालवीय (पहलवान), शुभम कुशवाहा ने पुष्प माला एवं साफा पहनाकर स्वागत सम्मान किया सकल हिंदू समाज अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए सहयोग राशि भी प्रदान की तथा कार्यक्रम की सफलता हेतु अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। अपने संबोधन में उन्होंने डॉ. भीमराव आम्बेडकर के विचारों एवं भारतीय संविधान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में जागरूकता और एकता को मजबूत करते हैं।

## तीर्थ यात्रा कर लौटने पर किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



भंवरी कलाँ वेयरहाउस पर गेहूं खरीदी केंद्र का भाजपा नेता भीम सिंह ठाकुर और वरिष्ठ नेताओं के शुभ हाथों से तुलावटी का शुभारंभ किया साथ ही भीमसिंह ठाकुर को अयोध्या काशी विश्वनाथ चित्रकूट प्रयागराज पावन तीर्थ क्षेत्र दर्शन कर धार्मिक यात्रा करके अपने गांव भंवरी कलाँ लौटने पर भाजपा के डोडी मंडल अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह ठाकुर दरखेड़ा और भाजपा वरिष्ठ नेता संजय अजमेरा जावर, तेजसिंह भाटी, कुमेर सिंह ठाकुर ,अर्जुन सिंह, सूरज सिंह पटेल, दिनेश शर्मा ,राजपाल ठाकुर भंवरी कलाँ, भाजपा डोडी मण्डल उपाध्यक्ष व अन्य पदाधिकारियों ने साफा बाँधकर कर स्वागत किया।

### सीवन पुत्रों की मैहनत ला रही रंग, जलकुंभी हटने से नजर आ आने लगा नदी का पानी

# हनुमान फाटक से लेकर भूतेश्वर महादेव तक चलेगी नाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जो कल्पना सीवन को लेकर जीवन पुत्र तथा पुत्री ने की थी आज वह सरकार होता दिख रहा है, मजदूर भाइयों ने वह करके दिखा दिया जो मशीन भी नहीं कर पाती। 8 दिन के अंदर एक जल का भरा तालाब बना दिया। 9:30 बजे अभियान की शुरुआत हुई और हमेशा की तरह राजकुमार सोनी मुकेश राय प्रकाश यादव कैलाश चौहान और प्रदीप चढ़ा पहुंच गए सीवन तट पर, अभियान की शुरुआत करने 5:00 प्रांत अधिकारी विवेक राठौर पहुंचे जब उन्होंने हनुमान पाठक धाम पर सीवन नदी को देखा तो आश्चर्यचकित हो गए। उन्होंने जहां एक बूंद अपनी नजर नहीं आता था वहां उन्होंने एक भव्य जल का तालाब देखा तो उनकी आत्मा तृप्त हो गई। इसी बीच नन्हे मुन्ने की टीम छोटे सिवन पुत्र और छोटी सिवन पुत्रियां भी मैदान में उतर गई अपने बैनर लेकर उन्होंने भी प्रण लिया कि हम भी सिवन मां की सेवा करेंगे। मजदूर भाइयों का सम्मान समारोह बड़े ही उत्साह से किया गया।

मजदूरों का सम्मान करते हुए सभी गोरांवित महसूस कर रहे थे। मजदूर भाइयों के चेहरे पर जो मुस्कान थी व ही गजब की थी, सभी मजदूर भाइयों का स्वागत मुख्य अतिथि प्रांत अधिकारी विवेक राठौर ने किया,साथ ही खाटू श्याम मंदिर के संस्थापक ऋषि सोलंकी व नगर सुरक्षा प्रमुख मितेश धाड़ी ने किया। इस अवसर पर प्रांत अधिकारी विवेक राठौर ने अभियान की प्रशंसा करते हुए कहा कि मैं अंतिम सांस तक में पुत्र जीवन का मैं पुत्री सीवन की अभियान में जुड़ा रहूंगा और जब तक मूल स्वरूप में सीवन नहीं आ जाती तब तक में काम करता रहूंगा इसके लिए भले ही एक करोड़ भी खर्च हो तो मैं और मेरा परिवार करेगा। इसी के साथ उन्होंने सीहोर की जनता व क्षेत्र वासियों से भी अपील की है कि जीवन उद्धार में अपना योगदान दें। दूसरे मुख्य अतिथि ऋषि सोलंकी ने कहा कि यह मजदूर भाई इस देश की संपदा है। इन्होंने वह करके दिखा दिया है जो मशीन भी नहीं कर सकते। उन्होंने हनुमान फाटक धाम, चद्दर पुल, नदी चौराहा, बढ़िया खेड़ी में में सीसीटीवी कैमरे श्री खाटू श्याम मंदिर की ओर से लगाने की घोषणा की है। मितेश धाड़ी ने भी इस अभियान की सराहना की है, शिव बारात के संस्थापक लोकेश सोनी ने बताया है कि यह जो अभियान सीवन के प्रति है इनका इनका संघर्ष कई सालों का है। सीवन पुत्र प्रदीप चावड़ा ने बताया कि सीवन उद्धार अभियान निरंतर और सतत रूप से जारी है और जिस प्रकार की घोषणा हनुमान धाम को लेकर आज हुई है और मां सीवन को लेकर हुई है, कैमरे की व्यवस्था हुई है वह अपने आप में एक खुशी की बात है। मैं पुत्र सिवान का मैं पुत्री सिवन की अभियान के मार्गदर्शक श्री बृजेश पराशर व दिनेश शर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिक कैलाश चावड़ा,सीवन पुत्र राजकुमार सोनी, प्रकाश यादव मुकेश राय,कैलाश चव्हाण,नितेश जायसवाल,दीपक केवट,पप्पू कोली, संदीप राठौर, अथर्व चावड़ा, अथर्व दलोदिया, साक्षी व्यास, वाणी व्यास, कृतिका दलोदिया,सुनीता यादव,शिवांशी भावसार आदि का उपस्थित थे। सुबह मजदूरों को मार्गदर्शन देने के लिए राजकुमार सोनी पहुंचे साथ में सीवन पुत्र मुकेश राय, प्रकाश यादव, प्रदीप चावड़ा ,कैलाश चव्हाण उपस्थित रहे । और इसी बीच जितेंद्र कौशल और धर्मेंद्र वर्मा पहुंचे ,लगभग 17 ट्रॉली जलकुंभी निकल गई। शाम 5:30 बजे मजदूरों का स्वागत सम्मान किया। इस अवसर पर संजय यादव,अक्कू यादव, दीपक केवट आकाश केवट आशीष बाथम, जितेंद्र केवट, जितेंद्र कौशल दिनेश राठौर, धर्मेंद्र खत्री आदि उपस्थित थे।

## गेहूं उपार्जन केन्द्र का किया शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

मध्य प्रदेश शासन द्वारा रबी विपणन 2026-27 के अंतर्गत सहकारी समिति मेहतवाड़ा ग्वाली एवं कजलास मैं गेहूं उपार्जन केंद्र का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर तोल कांटे का विधिवत पूजन कर गेहूं बेचने आए किसानों का साफा बांधकर स्वागत किया गया कार्यक्रम के दौरान मंडल अध्यक्ष विजेंद्र सिंह ठाकुर ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से चर्चा की किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। तथा उपार्जन कार्य सुचारू रूप से संचालित हो इस अवसर पर भाजपा नेता बाबूलाल पटेल, मंडल अध्यक्ष विजेंद्र सिंह ठाकुर, राजेंद्र केशव, मनोज वेद, मानसिंह पटेल, मंडल महामंत्री राजा ठाकुर, कृपाल सिंह ठाकुर, जीवन पाटीदार, राहुल ठाकुर, जेपी पाटीदार, सुरेंद्र ठाकुर सहित सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### कबाड़ गोदाम में भीषण आग लगी, ढाई लाख का नुकसान

**ललितपुर**। शहर के मोहल्ला जुगपुरा स्थित एक कबाड़ गोदाम में शनिवार को आग लग जाने से अफरा-तफरी मच गई। आग की इस घटना में लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार, कोतवाली सदर क्षेत्र के नेहरू नगर निवासी रहमान ने देवगढ़ मार्ग स्थित जुगपुरा मोहल्ले में किराए पर गोदाम ले रखा है, जहां वह कबाड़ का सामान एकत्र करता है। शनिवार सुबह करीब 11 बजे गोदाम में रखी किताबों की रद्दी और प्लास्टिक की बोतलों में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे आसपास के इलाके में हड़कम्प मच गया। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की दो गाडियां मौके पर पहुंचीं। दमकलकर्मियों ने करीब दो घंटे की कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया और बड़े हादसे को टाल दिया। पीड़ित रहमान के अनुसार, इस आगजनी में लगभग ढाई लाख रुपये की रद्दी जलकर खाक हो गई। आग लगने के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल सका है।

### स्टेशनों और चलती ट्रेनों में मोबाइल चोरी

**ललितपुर**। रेलवे स्टेशनों और चलती ट्रेनों में मोबाइल चोरी का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। जीआरपी थाने ने मात्र एक दिन के अंतराल में दो अलग-अलग ट्रेनों में हुई चोरी की घटनाओं पर अलग-अलग एफआईआर दर्ज की हैं। दोनों मामलों में चोरों ने यात्रियों के मोबाइल फोन चुरा लिए। पुलिस ने दोनों घटनाओं में बीएनएस की धारा 305(सी) के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मध्य प्रदेश के जिला बड़वानी अंतर्गत ग्राम विजासन निवासी श्यामलाल नरगांवे पुत्र गणेश नरगांवे ने बताया कि वह गोण्डवाना एक्सप्रेस (ट्रेन नंबर 12409) के जनरल कोच में भोपाल से ग्वालियर की यात्रा कर रहे थे। 10 मार्च 2026 को ललितपुर रेलवे स्टेशन पर अपनी सीट पर सो रहे थे। नींद खुली तो देखा कि उनका वीवो टी 4 एक्स मोबाइल (कीमत लगभग 15,200 रुपये) गायब था। श्यामलाल ने देरी से रिपोर्ट दर्ज कराई। वहीं राजस्थान राज्य के जिला श्रीगंगानगर अंतर्गत अनूपगढ़ निवासी यशपाल पुत्र लक्ष्मण दास भठेजा ने बताया कि वह पंजाब मेल (ट्रेन नंबर 12138) के कोच बी-1, सीट नंबर 50 पर बटिंडा से ललितपुर जा रहे थे। 10 अप्रैल 2026 को सुबह 8 बजे मथुरा रेलवे स्टेशन के पास किसी अज्ञात चोर ने उनका बैग चुरा लिया। बैग में सैमसंग नीला रंग का मोबाइल, आधार कार्ड, ट्रेन टिकट और अन्य जरूरी दस्तावेज थे। यशपाल ने तुरंत थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। दोनों एफआईआर में आरोपी अज्ञात बताए गए हैं।

### महरौनी में मंदिर के बाहर मोटरसाइकिल चोरी

**ललितपुर**। महरौनी थाना क्षेत्र में एक बार फिर चोरी की घटना ने स्थानीय लोगों में आक्रोश पैदा कर दिया है। शनिवार 4 अप्रैल 2026 की सुबह अंजनी माता मंदिर में दर्शन करने गए जीवनलाल की मोटरसाइकिल मौके पर से चोरी हो गई। बम्हौरीघाट निवासी जीवनलाल पुत्र अनुपे ने बताया कि 4 अप्रैल को सुबह करीब 6 बजे वह अपने परिवार के साथ अंजनी माता मंदिर दर्शन करने अपनी मोटरसाइकिल नंबर यू.पी.94 एस 2681 पर गए थे। मंदिर के पास मोटरसाइकिल खड़ी करके परिवार सहित दर्शन करने चले गए। जब दर्शन कर वापस लौटे तो मोटरसाइकिल गायब थी। आसपास काफी तलाश करने के बावजूद कहीं कोई सुराग नहीं मिला। पीड़ित ने बताया कि मैंने मंदिर परिसर में ही बाइक खड़ी की थी। दर्शन के बाद देखा तो बाइक नहीं थी। अज्ञात चोर ने इसे चुरा लिया। इस चोरी से उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ है।

### अखिल भारतीय सयुंक्त शिक्षक महासंघ के बैनर तले तैयारी शुरू

# टीईटी के विरोध में कल शिक्षक शिक्षिकाएं निकालेंगे मशाल जुलूस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

#### हाथों में मशाल व तख्तियां लेकर टीईटी के काले कानून का विरोध करेंगे




अखिल भारतीय सयुंक्त शिक्षक महासंघ के बैनर तले राष्ट्रीय आह्वान पर द्वितीय चरण के विरोध प्रदर्शन में सैकडों की संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं नगर संसाधन केन्द्र में 13 अप्रैल सोमवार को शाम 5.30 बजे एकत्रित होकर टीईटी की अनिवार्यता के विरोध में हाथों में मशाल व तख्तियां लेकर शहर के प्रमुख मार्गों पर होते हुए एक विशाल मशाल जुलूस निकालकर टीईटी के काले कानून का विरोध करेंगे।

आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुए अखिल भारतीय सयुंक्त शिक्षक महासंघ जिला संयोजक एवं उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ (संबंध-अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ नई दिल्ली) जिलाध्यक्ष विनोद निरंजन ने बताया कि अखिल भारतीय सयुंक्त शिक्षक महासंघ के बैनर तले देशभर के लगभग 20 से अधिक संगठन मिलकर संघर्ष कर रहे हैं। द्वितीय चरण के अभियान में 13 अप्रैल को शाम 5.30 बजे जिले के शिक्षक-शिक्षिकाएं जनपद मुख्यालय पर नगर संसाधन केन्द्र पर सैकडों की संख्या में एकत्रित होकर सायंकाल मशाल जुलूस निकालेंगे। उन्होंने बताया कि उसके बाद भी कोई हल नहीं निकलता है तो लखनऊ मे विधानसभा भवन का घेराव एवं संसद सत्र के दौरान संसद का घेराव भी किया जायेगा। जब तक समस्या का समाधान नहीं हो जाता है तब तक निरंतर आंदोलनों का क्रम चलता रहेगा। राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर जिले में मशाल जुलूस नगर संसाधन केन्द्र ललितपुर से प्रारंभ होकर बीएसए कार्यालय, पानी की टंकी, सदर कांटा, सरदार पटेल प्रतिमा, कोतवाली, तुवन चौराहा, एसपी आफिस होते हुए नगर संसाधन केन्द्र पर समापन होगा। उक्त आयोजन की तैयारी को लेकर जिला उपाध्यक्ष विनय ताम्रकार के निर्देशन में कार्यकारिणी सदस्यों ने मशाल एवं तख्तियां तैयार की जिसमें टीईटी के विरोध में नारे लिखे। शिक्षक-शिक्षिकाएं मशाल जुलूस निकाल टीईटी के काले कानून का पुरजोर विरोध करेंगे।

### कुएं में कूदकर जान दी थी

## युवती के आत्महत्या करने के मामले में 3 आरोपी गिरफ्तार




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

थाना मड़ावरा क्षेत्र में आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरण के एक गंभीर मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है। पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी रक्षपाल सिंह के पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। थाना मड़ावरा में तहरीर देकर बताया कि 8 अप्रैल 2026 को उसके घर के पास आरोपियों से विवाद हुआ था। इस दौरान आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी दी।

घटना से भयभीत मेरी बहन ने 9 अप्रैल को कुएं में कूदकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई पूरी कर पोस्टमार्टम कराया। मामले में तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने सर्विलांस व अन्य साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई करते हुए तीनों वांछित अभियुक्तों नीतेश लोधी, अनीश लोधी और सचिन लोधी को 11 अप्रैल 2026 को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है। इस पूरी कार्रवाई में थाना मड़ावरा प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार वर्मा व उनकी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### अवैध खनन व ओवरलोडिंग के खिलाफ अभियान

## यातायात नियम तोड़ने वाले चालकों पर कार्रवाई, पालन की हिदायत दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर




जिले में अवैध खनन, ओवरलोडिंग एवं अवैध परिवहन के विरुद्ध पुलिस द्वारा विशेष सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन में शनिवार को संचालित किया गया।

अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी सदर सुनील कुमार भारद्वाज के नेतृत्व में यातायात पुलिस की संयुक्त टीम ने जनपद के विभिन्न प्रमुख मार्गों और संदिग्ध स्थलों पर सघन चेकिंग की। इस दौरान ओवरलोड एवं संदिग्ध वाहनों की गहन जांच की गई। जांच के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम सहित अन्य सुसंगत धाराओं में वैधानिक कार्रवाई की गई। पुलिस टीम ने वाहन चालकों को सख्त हिदायत दी कि वे निर्धारित क्षमता के अनुसार ही माल परिवहन करें तथा सभी वैध प्रपत्रों के साथ ही वाहन का संचालन करें। अधिकारियों ने अभियान के दौरान चालकों को यह भी बताया कि अवैध खनन और ओवरलोडिंग से न केवल सड़क दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ता है, बल्कि इससे सरकारी राजस्व की भी हानि होती है। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जनपद में इस प्रकार के अभियान लगातार जारी रहेंगे और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### अंगीकृत गांव ककरूआ में शुरुआत की

## उर्वरकों के संतुलित प्रयोग पर किसानों को कई जानकारी दी

**ललितपुर**। बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, बांदा अंतर्गत संचालित कृषि विज्ञान केन्द्र, ललितपुर के केंद्राध्यक्ष डॉ. मुकेश चंद के नेतृत्व में फसलों में उर्वरकों के संतुलित प्रयोग विषय पर विशेष जागरूकता अभियान की शुरुआत अंगीकृत ग्राम ककरूआ में किया गया। केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक और अध्यक्ष डा. मुकेश चंद द्वारा कृषकों को आह्वान किया कि हर किसान अपने खेत की मिट्टी की जांच करायें एवं जांच के आधार पर ही उर्वरकों का प्रयोग करें।

जिस प्रकार हमारे भोजन की थाली में सभी तत्वों का संतुलन आवश्यक है उसी प्रकार पौधों के भोजन में सभी तत्वों का संतुलन आवश्यक है। आवश्यकता से अधिक उर्वरकों के प्रयोग से खेती की लागत बढ़ती है। मृदा की उर्वरता स्तर में गिरावट आती है। मृदा में पौधों के लिए आवश्यक सभी 17 पोषक तत्वों जैसे नत्रजन, फास्फोरस, पोटाश, सल्फर, कैल्शियम, मैग्नीशियम आदि की संतुलित मात्रा आवश्यकता होती है। कृषक बंधु जैव उर्वरक, गोबर की सड़ी खाद और सूक्ष्म पोषक तत्वों के प्रयोग से भी अच्छी उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर केन्द्र के डा. अनुज कुमार गौतम, विषय वस्तु विशेषज्ञ- पशुपालन ने कृषकों को पशुओं के गोबर, मूत्र, बिछावन और चारा अवशेष से गुणवत्तायुक्त खाद बनाकर खेत में डालने के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम में ग्राम ककरूआ के प्रधान पप्पू, रामा बाई, देव सिंह, सुखनंदन सहित 40 से अधिक प्रगतिशील कृषक/महिला कृषकों ने प्रतिभाग किया।

### राधापुर के प्राथमिक विद्यालय लापरवाही

## बच्चे पढ़ाई करते नहीं खेलते मिले, जिम्मेदारों पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिरधा

बिरधा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय राधापुर में शिक्षकों की घोर लापरवाही का मामला सामने आया है। गुरुवार को विद्यालय में शिक्षक समय से नहीं पहुंचे, जिसके चलते बच्चे पढ़ाई करने के बजाय खेलते नजर आए। इस घटना से अभिभावकों और ग्रामीणों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों का आरोप है कि विद्यालय में तैनात शिक्षक अक्सर देर से आते हैं। कई महीनों से लगातार लेट-लतीफी की शिकायतें की जा रही हैं, लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। इससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है और उनके भविष्य पर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि विद्यालयों में खण्ड शिक्षा अधिकारी बिरधा का कोई भय नहीं है। यदि समय-समय पर निरीक्षण कर लापरवाह शिक्षकों पर सख्त कार्रवाई की जाती, तो हालात इतने खराब नहीं होते। अधिकारियों की उदासीनता से शिक्षा व्यवस्था चरमराती नजर आ रही है।

#### जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने खुद संभाली कमान

लगातार मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने गुरुवार को बिरधा क्षेत्र के विद्यालयों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान भारी लापरवाही सामने आई। झारकोन और सतरवांस के स्टाफ पर कार्रवाई करते हुए एक शिक्षक को निलंबित किया गया, जबकि तीन शिक्षकों सहित खण्ड शिक्षा अधिकारी से स्पष्टीकरण तलब किया गया।

#### बीएसए की सख्ती की हो रही सराहना

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की त्वरित और कठोर कार्रवाई की क्षेत्र में सराहना की जा रही है। लोगों को उम्मीद है कि इस कदम से शिक्षा व्यवस्था में सुधार होगा और लापरवाह कर्मचारियों पर अंकुश लगेगा।

#### अब राधापुर में कार्रवाई का इंतजार

राधापुर प्राथमिक विद्यालय में लंबे समय से मिल रही शिकायतों के बाद अब सभी की निगाहें प्रशासन की आगामी कार्रवाई पर टिकी हैं। ग्रामीणों ने दोषी शिक्षकों पर सख्त कार्रवाई कर शिक्षा व्यवस्था को पटरी पर लाने की मांग की है।

## कार ने मोटरसाइकिल को रौंदा, 11 वर्षीय बच्ची का हाथ टूटा, चाचा झांसी रेफर

**ललितपुर**। बानपुर थाना क्षेत्र के कैलगुवां चौराहे पर रविवार 29 मार्च 2026 को दोपहर करीब 12 बजे एक भयानक सड़क दुर्घटना ने पूरे इलाके में हड़कंप मचा दिया। मध्य प्रदेश नंबर वाली तेज रफ्तार कार ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। हादसे में 11 वर्षीय बच्ची का दाहिना हाथ टूट गया, जबकि उसके चाचा को चेहरे व शरीर पर गंभीर चोटें आईं। थाना बानपुर के ग्राम कैलगुवां निवासी कमला पत्नी स्व. सुनील अहिरवार ने बताया कि उनकी बहन रचना के पति मुन्नालाल पुत्र जमुना अहिरवार (मोटरसाइकिल एम.पी.36 एम.के. 1781) अपनी 11 वर्षीय बेटी कुं.अंशिका देवी और कमला के भाई टीकमगढ़ के थाना मोहनगढ़ अंतर्गत ग्राम बरेटी निवासी वासुदेव पुत्र झल्लू अहिरवार को लेकर कैलगुवां आ रहे थे। जैसे ही वह कैलगुवां चौराहे पर पहुंचे, आमघाट नदी की तरफ से मध्य प्रदेश नंबर एम.पी. 36 जेड.डी. 4945 वाली अज्ञात चालक की कार ने लापरवाही व तेज रफ्तार से टक्कर मार दी। मुन्नालाल बाल-बाल बच गए, लेकिन वासुदेव और छोटी अंशिका सड़क पर उछलकर गिर पड़े। बच्ची का दाहिना हाथ टूट गया, जबकि चाचा के मुंह व शरीर पर गंभीर चोटें आईं। घायलों को पहले बानपुर अस्पताल ले जाया गया, फिर ललितपुर रेफर किया गया। वासुदेव की हालत गंभीर होने पर उन्हें झांसी के निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

### सरकार की मंशा ग्रामीण क्षेत्र में ही प्रतिभाएं मिलती

## शिक्षा के साथ स्वास्थ्य भी जरूरी, खेल भावना से प्रेम और मन मस्तिष्क स्वस्थ रहता: बवेले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

पंडित रुद्र नारायण त्रिवेणी शर्मा मेमोरियल इंटर कॉलेज खडोबरा में चल रहे आसरा स्पोर्ट्स टैलेंट चैंपियनशिप के फाइनल मैच आरएनटीएस की टीम और किंग्स ऑफ़ रोड़ा की टीम के बीच फाइनल खेला गया, आसरा स्पोर्ट्स टैलेंट चैंपियनशिप के फाइनल मुकाबले में किंग्स ऑफ़ रोंडा ने टॉस जीतकर बैटिंग करने का फैसला लिया। रोंडा की टीम ने बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 5 विकेट के नुकसान के साथ 159 रन का लक्ष्य दिया। दूसरी ओर आरएनटीएस खड़ोवरा की टीम ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 10 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 138 रन ही बना पाई। इस प्रकार किंग्स ऑफ़ रौंडा की टीम ने फाइनल मुकाबला अपने नाम किया । आसरा स्पोर्टस टैलेंट चैंपियनशिप शील्ड पर कब्जा जमाया। आरएनटीएस कॉलेज की टीम उप विजेता रही। इस मौके पर प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबले ने कहा कि गांव में इस तरह की आयोजन होने से बच्चों में पढ़ाई के साथ खेल की प्रतियोगिताएं होने से आपसी मेल जोल भी बढ़ता है पत्रकार अजीत भारती ने कहां की गांव में इस तरह के टूर्नामेंट होते रहना चाहिए। जिससे ग्रामीण क्षेत्र में बच्चों में खेल के प्रति रुझान बढ़ता है, गांव में खेल भावना प्रेम और छात्र छात्राओं अपनी योग्यता प्रदर्शन करने के लिए भावना भी जागृत होती है। आशी पाठक डायरेक्टर फनस्टोन अपने छात्र छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए पढ़ाई के बाद समय निकल कर खेल के प्रति जागरूक रहने का आवाहन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य आशीष दीक्षित ने बच्चों को पुरस्कार देते हुए कहा कि आप कि प्रत्येक वर्ष इस तरह की आयोजन विद्यालय की खेल के मैदान में खंडोबरा में होते रहेंगे । सभी खिलाड़ियों के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

### भाजपा का गांव चलो अभियान चल रहा

## अंतिम छोर तक विकास पहुंचाने को सरकार संकल्पित : राज्यमंत्री



**ललितपुर**। पूरे उत्तर प्रदेश में भाजपा का गांव चलो अभियान चल रहा है। इसी क्रम में मण्डल गौना के ग्राम पंचायत भोंड़ी में गांव चलो अभियान का कार्यक्रम हुआ जिसमें राज्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि केन्द्र की केन्द्र व प्रदेश सरकार अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को भी विकास की मुख्यधारा से जोडने का काम कर रही है। साथ ही सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी। साथ ही वरिष्ठ जनों को सम्मानित भी किया। इस दौरान राघवेन्द्र पटैरिया, शैलेन्द्र प्रताप सिंह बुन्देला, साहब सिंह बुन्देला, राघवेन्द्र भोंडेले, रामकृपाल भोंडेले, लखन भोंडेले, जगदीश वाजपेयी, सुखनंदन तिवारी, सालिकराम दुबे, मनोहर कौशिक, राममिलन तिवारी, रामचरन कुशवाहा, मोतीलाल मगरा, रामदीन पाल, राजकुमार भोंडेले आदि तमाम ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### एसडीएम से कार्रवाई की मांग

## पूर्व प्रधान पर ग्रामीणों को भड़काने का आरोप, जमीन विवाद ने पकड़ा तूल

**ललितपुर**। तहसील तालबेहट क्षेत्र के ग्राम कड़ेसराखुर्द में भूमि विवाद ने तूल पकड़ लिया है। गांव निवासी एक व्यक्ति ने पूर्व प्रधान और उसके पुत्र (रोजगार सेवक) पर राजनीतिक लाभ के लिए ग्रामीणों को भड़काने तथा माहौल खराब करने का आरोप लगाया है। पीड़ित रामाधार सिंह पुत्र श्यामलाल ने उपजिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर गांव के कई लोगों पर उसकी भूमि पर अवैध कब्जा करने, विवाद खड़ा करने और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित के अनुसार, उसकी भूमि संख्या 263 (रकवा 0.1050 हेक्टेयर) संक्रामणीय भूमिधर के रूप में दर्ज है, जिस पर उसका मकान एवं पशुओं का बाड़ा बना हुआ है। इस संबंध में राजस्व अधिकारियों द्वारा पूर्व में जांच भी की जा चुकी है। इसके बावजूद विवाद उत्पन्न कर रहे हैं। आरोप लगाया कि विपक्षी यह कह रहे हैं कि उसका बाड़ा भूमि संख्या 359 (रकवा 1.1030 हेक्टेयर) में बना हुआ है, जबकि जांच में उनके दावे गलत और भ्रामक पाए गए हैं। साथ ही, 17 दिसंबर 2023 को जिलाधिकारी द्वारा पारित आदेश में भी भूमि पीड़ित के पक्ष में मानी गई है और वह उस पर काबिज है।

### संरक्षण, संवर्धन व वप्रसार के उद्देश्य से नवागढ़ में त्रिदिवसीय शिविर

## आज से प्राकृत भाषा के वरिष्ठ विद्वान देंगे शिक्षकों को प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



भारत सरकार द्वारा शास्त्रीय भाषा के रूप में घोषित प्राकृत भाषा के संरक्षण, संवर्धन और व्यापक प्रसार के उद्देश्य से प्राकृत भाषा विकास फाउण्डेशन एवं प्रागैतिहासिक तीर्थक्षेत्र नवागढ़ के संयुक्त तत्वावधान में 12 से 14 अप्रैल 2026 तक त्रिदिवसीय प्राकृत भाषा प्रशिक्षण शिविर का भव्य आयोजन किया जा रहा है।

यह शिविर प्रागैतिहासिक एवं पवित्र तीर्थस्थल नवागढ़ में आयोजित होगा, जहां देशभर से विद्वान, शिक्षक एवं साधक सहभागिता करेंगे। प्राकृत भाषा विकास फाउंडेशन के महामंत्री डा.आशीष जैन आचार्य ने बताया कि 12 अप्रैल सुबह 8 बजे उद्घाटन सत्र एवं 14 अप्रैल दोपहर 2 बजे समापन समारोह आयोजित होगा। नवागढ़ तीर्थक्षेत्र के प्रचारमंत्री डा.सुनील जैन ने बताया कि इस आयोजन में निदेशक ब्र. जयकुमार जैन, फाउण्डेशन अध्यक्ष प्रो. ऋषभचन्द, महामंत्री डा.आशीष जैन के साथ-साथ श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र नवागढ़ अध्यक्ष एड. सनतकुमार जैन एवं महामंत्री वीरचन्द जैन की विशेष भूमिका रहेगी। संचालन हेतु प्रशिक्षण प्रभारी डा.शैलेष जैन, डा.आशीष, अरुण शास्त्री, शिविर संयोजक सुनील शास्त्री एवं क्षेत्र मैनेजर प्रवीण जैन सक्रिय रूप से कार्यरत हैं। इस प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले शिक्षक, विद्वान देशभर में ग्रीष्मकालीन समय में आयोजित होने जा रहे प्राकृत शिविरों में शिक्षण प्रदान करेंगे। निदेशक ब्र.जयकुमार ने कहा कि प्राकृत भाषा केवल अध्ययन का विषय नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है। इस शिविर के माध्यम से हम नई पीढ़ी को इस अमूल्य धरोहर से जोडने का प्रयास कर रहे हैं।

### कुरावर में अन्नदाताओं ने अपनी फसल को बिक्री करने मंडी प्रांगण में पहुंचाया

# गेहूं खरीदी शुभारंभ, विधायक ने किसानों के लिए बेहतर व्यवस्थाएं बनाने पर दिया जोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

समीप कांकरिया मार्ग स्थित गुरु कृपा वेयरहाउस एवं प्रिंस वेयरहाउस में शनिवार सुबह क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा ने विधिवत पूजन कर गेहूं खरीदी का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कांटे की पूजा कर खरीदी प्रक्रिया की शुरुआत की और उपस्थित किसानों का साफा, माला व तिलक लगाकर स्वागत किया।

कार्यक्रम में किसान प्रमोद मीणा, अशोक मीणा, राजकुमार मीणा एवं विजेंद्र कुमार का विशेष रूप से सम्मान किया गया। विधायक ने अपने संबोधन में खरीदी केंद्रों पर किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केंद्रों पर बैठने की व्यवस्था, पेयजल उपलब्धता एवं गर्मी से बचाव के पर्याप्त इंतजाम किए जाएं। साथ ही किसानों के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार बनाए रखने पर भी जोर दिया।

विधायक मोहन शर्मा ने कहा कि कुछ लोगों द्वारा यह भ्रम फैलाया जा रहा था कि सरकार गेहूं खरीदी नहीं करेगी, जबकि प्रदेश सरकार समर्थन मूल्य पर किसानों का गेहूं खरीद रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार किसानों के हितों के लिए प्रतिबद्ध है और खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है।

कार्यक्रम को नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि बाला प्रसाद चंद्रवंशी एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष बृज किशोर मीणा ने भी संबोधित किया। संचालन रवि पाल एवं अशोक मीणा ने किया।

इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. दिनेश मंडलोई, महामंत्री रामेश्वर नायक, लखन राजपूत, मंडल उपाध्यक्ष मुरारी मीणा, पार्षद बद्रीलाल कुशवाहा, पार्षद प्रतिनिधि दिलीप बना, वेयरहाउस संचालक अनोखी लाल कोटिया, मंडल मंत्री मनोहर

## समर्थन मूल्य केंद्रों पर गेहूं खरीदी प्रारंभ, स्लॉट बुक करने में आ रही समस्या

**सारंगपुर ।** सारंगपुर सहित पूरे जिले में खरीदी केंद्र पर शुक्रवार को विभिन्न जन प्रतिनिधियों ने पहुंचकर तोल कटो का पूजन करते हुए पंजीकृत किसानों का सम्मान किया ,समर्थन मूल्य पर प्रति कोंटाल 2585 रुपए के साथ बोनस अलग से निर्धारित किया गया है। इसी के तहत प्राथमिक कृषि साख सेवा सहकारी समिति सांडावता, प्राथमिक कृषि साख सेवा सहकारी समिति हराना,प्राथमिक कृषि साख सेवा सहकारी समिति मऊ पढ़ाना,प्राथमिक कृषि साख सेवा सहकारी समिति खजुरिया घाटा,प्राथमिक कृषि साख सेवा सहकारी समिति बालोडी,प्राथमिक कृषि साख सेवा सहकारी समिति पाडल्या माता,विपणन सहकारी समिति सारंगपुर सहित लाड़ली बहना समूह एवं बुद्ध समूह के द्वारा पंजीकृत किसानों के गेहूं की तुलाई का श्री गणेश किया है। किसानों ने बताया कि 1 अप्रैल से खरीदी चालू होना थी,जो दस दिन लेट शुरू हुई है उसमें भी बड़े किसानों को स्लॉट बुक करने में परेशानी आ रही हैं पोर्टल पर छोटे छोटे किसानों का स्लॉट बुक हो रहा है,ऐसे में किसानों को पैसे की आवश्यकता है और बाजार में गेहूं का भाव न्यूनतम है,समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने के इंतजार में किसान आस लगाकर बैठा है किसान शिव सिंह,चंदर सिंह आदि किसानों ने मीडिया के माध्यम से प्रशासन से मांग की है कि पोर्टल पर सभी आवेदन कर्ताओं का अधिक से अधिक स्लॉट बुक हो ताकि किसान अपनी गेहूं की फसल तुलाकर बाजार से जरूरत का सामान खरीद सके एवं बैंक आदि की देनदारी समय पर जमा कर सके,शासन को इस और उचित कदम उठाने के लिए किसान अपने स्थानीय जनप्रतिनिधि से भी मांग कर रहे हैं।

### इनका कहना हैं

₹स्लॉट बुक करने की अभी किसी किसान की शिकायत नहीं आई है अगर कोई शिकायत आती हैं तो उसका निराकरण किया जायेगा।

**आर के पांडे**
प्रबंधक जिला सहकारी बैंक सारंगपुर,

₹सभी खरीदी केंद्र के संचालकों को निर्देशित किया है कि स्लॉट बुक क्रमां अनुसार ही गेहूं उपार्जन का कार्य सुचारू रूप से करे अनियमिताएं पाए जाने पर कार्यवाही की जावेगी।

**गोपाल सिंह चौहान,** नायब तहसीलदार एवं प्रभारी खाद्य अधिकारी सारंगपुर,

## एसडीएम सारंगपुर ने उपार्जन केंद्रों का किया निरीक्षण दिए निर्देश

**सारंगपुर।** मध्य प्रदेश शासन की और से गेहूं चना मसूर के लिए खरीदी केंद्र निर्धारित किए हैं इन केंद्रों पर पंजीकृत किसान शुक्रवार से अपनी फसल लेकर पहुंच रहे हैं इन केंद्रों पर किसानों को दी जाने वाली सुविधा का भौतिक निरीक्षण करने के लिए एसडीएम रोहित बम्होरे अपनी टीम के साथ पहुंचे और खरीदी केंद्र पर रखी फसल का अवलोकन किया साथ ही खरीदी केंद्र संचालक एवं गोदाम संचालक को निर्देश दिए।

## रूचि एग्रो इन्फेक्शन पर पर गेहूं खरीदी शुरू

**जीरापुर।** नगर में सहकारी समितियों के द्वारा गेहूं खरीदी शुरू की गई। इस तारतम्य में तमोलिया जोड़ स्थित रुचि एग्रो इन्फेक्शन शाहबाजपुरा जीरापुर में सरकारी गेहूं की खरीदी चालू की गई। जहां पर विधायक हजारीलाल दांगी तहसीलदार कमल सोलंकी , गिरिराज टांक , अंकुर टांक पटवारी जगदीश चौहान , सत्यनारायण रुहेला, सर्वेयर घनश्याम लववंशी, ग्राम सेवक आकांक्षा , समिति प्रबंधक भगवान सिंह सहित किसान मोजूद थे जहां पर किसानों को माला पहनाकर स्वागत किया तथा तोल प्रारम्भ कर शुभारंभ किया गया।

### खुजनेर में विकास की रफ्तार तेज

## गोशाला में जैविक खाद निर्माण और स्कूलों में किया भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

क्षेत्र में विकास और जनहित से जुड़े कार्यों को गति देते हुए आज विभिन्न स्थानों पर महत्वपूर्ण पहलें की गईं। एक ओर जहां श्री सांवलिया गौशाला में वर्मी कम्पोस्ट एवं डी-कम्पोस्ट जैविक खाद निर्माण प्रक्रिया का शुभारंभ हुआ, वहीं दूसरी ओर शैक्षणिक संस्थानों में नए कक्षों के निर्माण एवं लोकार्पण के कार्यक्रम संपन्न हुए।

श्री सांवलिया गौशाला में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जैविक खाद निर्माण की इस पहल का शुभारंभ उत्साह और गरिमा के साथ किया गया। इस पहल का उद्देश्य गौशाला में उपलब्ध गोबर एवं जैविक अपशिष्ट का सदुपयोग कर उच्च गुणवत्ता की जैविक खाद तैयार करना है। इससे न केवल रसायन मुक्त खेती को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण को भी मजबूती मिलेगी। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, गौशाला समिति के सदस्यों और कार्यकर्ताओं ने इसे आत्मनिर्भरता, स्वच्छता और सतत कृषि की दिशा में सराहनीय कदम बताया।

इसी क्रम में पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कोडियाजरगर में कंप्यूटर लैब के लिए अतिरिक्त कक्ष निर्माण हेतु भूमिपूजन किया गया। लगभग 46.90 लाख रुपए की लागत से बनने वाला यह कक्ष विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा और डिजिटल सुविधाओं से जोड़ने में सहायक सिद्ध होगा। साथ ही विद्यालय में 16.30 लाख रुपए की लागत से निर्मित अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण भी किया गया, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलेगा।

### घर बैठे रहे, कटेगा वेतन

## सार्थक एप पर फर्जी हाजिरी वाले 5 स्वास्थ्य कर्मी धराए

**राजगढ़।** स्वास्थ्य विभाग में पारदर्शिता के लिए लागू किए गए 'सार्थक एप' को ठगने का प्रयास करने वाले कर्मचारियों पर प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। जिले के 5 ऐसे कर्मचारी पकड़े गए हैं जो कार्यस्थल पर उपस्थित न होकर घर बैठे ही अपने साथियों की मदद से फर्जी तरीके से हाजिरी लगा रहे थे।




### पकड़े गए कर्मचारी

डॉ. हिमानी जिला अस्पताल राजगढ़, नीलू यादव स्टाफ नर्स सिविल अस्पताल ब्यावरा, निशा गोदनिया एएनएम, सारंगपुर, रीना वर्मा एएनएम, खिलचीपुर, हरीश कुमार लोधा एएनएम, राजगढ़।

विभाग ने इन सभी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है और जिस दिन फर्जी हाजिरी पकड़ी गई, उस दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए हैं।

## भीषण गर्मी का असरः स्कूलों के समय में बदलाव, अब 1 बजे तक ही लगेंगे स्कूल

### कलेक्टर ने जारी किए आदेश, लू के चलते लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले में बढ़ रही तपिश और दोपहर में चलने वाली लू की लहरों को देखते हुए बच्चों के स्वास्थ्य के मद्देनजर स्कूलों के समय में परिवर्तन कर दिया गया है। कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा द्वारा जारी आदेश के अनुसार, जिले के समस्त शासकीय, अशासकीय, सीबीएसई और आईसीएसई स्कूल अब सुबह 7:30 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक ही संचालित होंगे।

पिछले कुछ दिनों से दोपहर के समय पारा चढ़ने और गर्म हवाएं चलने से स्कूली बच्चों को भारी परेशानी हो रही थी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यदि कोई विद्यालय प्रबंधन इन आदेशों की अवहेलना करता है, तो उस पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### अक्षय तृतीया पर रहेगी विशेष नजर, सूचना तंत्र सक्रिय

## बाल विवाह रोकने के लिए प्रशासन ने कसी कमर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले में बाल विवाह की कुप्रथा को जड़ से खत्म करने के लिए प्रशासन ने सख्त रुख अख्तियार किया है। आगामी अक्षय तृतीया और विवाह के अन्य मुहूर्तों को देखते हुए ग्राम और वार्ड स्तर पर एक मजबूत सूचना तंत्र का गठन किया गया है। इसमें शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सचिव और सक्रिय नागरिकों को शामिल किया गया है।



### सूचना के लिए हेल्पलाइन

बाल विवाह की किसी भी जानकारी के लिए जिला स्तरीय कंट्रोल रूम के नंबर 07372-254360 पर संपर्क किया जा सकता है।

### समितियों को निर्देश

विवाह सम्मेलन आयोजित करने वाली समितियों को निर्देशित किया गया है कि वे वधु और वर के आयु संबंधी दस्तावेज अनिवार्य रूप से जमा करें। यदि किसी सम्मेलन में बाल विवाह पाया जाता है, तो पूरी जिम्मेदारी समिति की होगी और उन पर कानूनी केस दर्ज किया जाएगा।

### एनएसएस के एक दिनी विशेष शिविर का सफल आयोजन

## विद्यार्थियों को समाजसेवा, स्वच्छता और जैविक खेती के बारे में समझाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय सारंगपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई द्वारा एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम बिलोदा पूर्बीया मे बड़े उत्साह और जोश के साथ किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य छात्रों में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना तथा समाज सेवा के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ ममता खोईया एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ अरुणा सोलंकी के मार्गदर्शन में दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। अपने उद्घाटन भाषण में प्राचार्य महोदय ने विद्यार्थियों को समाज सेवा के महत्व के बारे में बताया और एनएसएस के उद्देश्यों को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस शिविर के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य जागरूकता रैली, तथा ग्रामवासियों के साथ संवाद प्रमुख रहे। स्वयंसेवकों ने सफाई अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया । शिविर के दौरान जैविक खाद (जैविक खाध/ऑर्गेनिक कंपोस्ट) के महत्व पर भी विस्तृत चर्चा की गई।विशेषज्ञ के रूप पवन राजपूत उपस्थित रहे । श्रीराजपूत द्वारा छात्रों को जैविक खाद के लाभ, निर्माण प्रक्रिया तथा इसके उपयोग के बारे में जानकारी दी गई। स्वयंसेवकों ने जैविक खाद निर्माण स्थल (प्लांट) का निरीक्षण किया तथा उसके कार्य करने के तरीके को समझा। इसके साथ ही विद्यार्थियों ने जैविक खाद के निर्माण कार्य में सक्रिय रूप से सहयोग भी प्रदान किया, जिससे उन्हें व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त हुआ। शिविर के दौरान छात्रों ने ‍ह्लस्वच्छ भारत झ्र स्वस्थ भारतह्व विषय पर नुक्कड़ नाटक एवं पोस्टर प्रस्तुति भी दी, जिसे स्थानीय लोगों ने सराहा। स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम में बुनियादी स्वच्छता, पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई। शिविर मे धर्मेंद्र खेरवार सुरेंद्र यादव, धर्मेंद्र वर्मा एवं रोहित सोजानिया का विशेष सहयोग रहा ।

## खुजनेर में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सार्वजनिक प्याऊ का शुभारंभ

**खुजनेर।** नगर परिषद खुजनेर में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नगर में सार्वजनिक प्याऊ का शुभारंभ माननीय विधायक अमर सिंह यादव द्वारा किया गया इस अवसर पर विधायक अमर सिंह यादव ने जल संरक्षण एवं भूजल संवर्धन के इस महाअभियान में जनसहयोग की अहम भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि ह्लजल ही जीवन हैह्व और इसके संरक्षण के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा उन्होंने नगर के जीर्ण-शीर्ण कुओं एवं बावड़ियों के सुधार के माध्यम से भूजल स्तर बढ़ाने की आवश्यकता बताई कार्यक्रम में पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष केदार जी काका एवं अनुविभागीय अधिकारी श्रीमति निधि भारद्वाज ने भी नागरिकों को जल संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति जागरूक करते हुए मार्गदर्शन दिया।

इस दौरान तहसीलदार विनय रजक, पूर्व नपाध्यक्ष पंकज शर्मा, नपा उपाध्यक्ष बाबूलाल कुशवाह, पार्षद लोकेन्द्र सिंह, मुकेश यादव, कमल यादव, मुकेश शर्मा, मांगीलाल कल्पोनी, केलाशनारायण यादव, राधेश्याम गुप्ता, अरविन्द गुप्ता, रामबाबू यादव, पटेल दयाराम यादव सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं नगर परिषद के कर्मचारी उपस्थित रहे मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री कृष्णकांत शर्मा ने बताया कि अभियान के तहत नगर के पार्कों, जल स्त्रोतों, ट्रेंचिंग ग्राउंड, मुक्तिधाम एवं नाले-नालियों की साफ-सफाई के साथ-साथ रेन वाटर हार्वेस्टिंग के कार्य जनसहयोग से किए जाएंगे। साथ ही उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे स्वच्छता बनाए रखने हेतु घरों से गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग दें, जिससे उसका सही तरीके से निस्तारण किया जा सके।

## स्थापना दिवस पर विधायक व नेताओं ने झाड़ू उठाकर साधा जनसंपर्क

### अस्पताल में सफाई के साथ मरीजों को किया फल वितरण

**कुरावर।** भाजपा स्थापना दिवस के मौके पर नगर में स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में व्यापक सफाई अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा सहित जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने झाड़ू उठाकर न केवल परिसर की सफाई की, बल्कि स्वच्छता के जरिए जनसंपर्क साधते हुए लोगों को संदेश भी दिया।



अस्पताल परिसर और बगीचे में विशेष सफाई अभियान चलाकर कचरे का संग्रह किया गया, जिसे नगर परिषद के वाहनों से उचित निस्तारण के लिए भेजा गया। इस दौरान पानी की टंकी की सफाई भी की गई, जिससे स्वच्छ पेयजल व्यवस्था को सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया।

कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों ने मरीजों को फल वितरित कर संवेदनशीलता का परिचय दिया। विधायक मोहन शर्मा ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी अभियान नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी है, जिसमें हर नागरिक की भागीदारी जरूरी है। उन्होंने अपील की कि लोग अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाएं। कार्यक्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी लीलाधर सेन, डॉ. नरेश गवली, भाजपा जिला उपाध्यक्ष बृजकिशोर मीणा, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि बाला प्रसाद चंद्रवंशी, मंडल अध्यक्ष डॉ. दिनेश मंडलोई, महामंत्री रामेश्वर नायक, लखन राजपूत, उपाध्यक्ष मुरारी मीणा, पार्षद बद्री लाल कुशवाहा, पार्षद प्रतिनिधि दिलीप बना सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### राजगढ़ मुख्यालय पर गुरुद्वारे के लिए जमीन की मांग, कलेक्टर-एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

## प्रशासन से शासकीय भूमि आवंटन की गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिला मुख्यालय पर वर्तमान में एक भी गुरुद्वारा नहीं है, जिससे सिख समाज को धार्मिक आयोजनों और प्रार्थना में असुविधा का सामना करना पड़ता है। इसी समस्या को देखते हुए सिख समाज के एक प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा एवं एसडीएम निधि भारद्वाज से मुलाकात की। समाज ने नगर के समीप किसी उपयुक्त शासकीय भूमि को गुरुद्वारे के लिए आवंटित करने की मांग करते हुए मांगपत्र सौंपा।

प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि जिले के अन्य प्रमुख केंद्रों जैसे ब्यावरा में गुरुद्वारे स्थित हैं, लेकिन मुख्यालय पर इसकी कमी खलती है। यदि प्रशासन जमीन आवंटित करता है, तो समाज जल्द ही भव्य गुरुद्वारे का निर्माण कराएगा। इस दौरान मोना सुस्तानी, धर्मपाल अरोड़ा टिन्नी, बॉबी कौर सहित समाज के अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### 13 फीट से बड़े वाहनों की निकासी होगी मुश्किल, सौंपा ज्ञापन

# संकरे रेलवे अंडरब्रिज से 29 गांव के लोगों का आवागमन होगा प्रभावित, चौड़ीकरण की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

कांकरियाझ्रकुरावर मार्ग पर निर्माणाधीन रेलवे अंडरब्रिज को लेकर क्षेत्र में विरोध के स्वर तेज हो गए हैं। करीब 29 गांवों के ग्रामीणों और किसानों का आवागमन इस मार्ग से होता है, लेकिन अंडरब्रिज की कम ऊंचाई और संकरी चौड़ाई भविष्य में बड़ी समस्या बन सकती है।

ग्रामीणों के अनुसार छतरपुरा, कांकरिया मीना, चौकी, पिपल्या काजी, मीरूखेड़ी, लसूड़ल्या हाजी, नाईहेड़ी, लश्करपुर, सेमला रामसिंह, झाड़क्या, हिरनखेड़ी, तरेनी धाकड़, बीजवा, मंगतपुरा, सुंडी, साका श्यामजी सहित करीब 29 गांवों के लोग रोजमर्रा की जरूरतों और खरीदारी के लिए कुरावर आते हैं। इसके अलावा किसानों के खेतों तक हार्वेस्टर, ट्रैक्टर-ट्रॉली और अन्य बड़े कृषि यंत्र भी इसी मार्ग से गुजरते हैं।



ग्रामीणों का कहना है कि निर्माणाधीन अंडरब्रिज की चौड़ाई निर्माण के बाद लगभग 13 फीट रह जाएगी, जो बड़े वाहनों की आवाजाही के लिए पर्याप्त नहीं है। ऐसे में ट्रैक्टर-ट्रॉली, हार्वेस्टर और मालवाहक वाहनों को निकलने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। संकरी जगह के कारण दो वाहनों का आमने-सामने से निकलना भी संभव नहीं होगा, जिससे जाम और दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहेगी।

किसानों ने आशंका जताई है कि फसल कटाई के समय हार्वेस्टर और अन्य मशीनों की आवाजाही बाधित होगी, जिससे कृषि कार्य प्रभावित हो सकता है। वहीं, बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या और अधिक परेशानी खड़ी कर सकती है।

इस संबंध में स्थानीय ग्रामीणों ने नायब तहसीलदार सुनीता सिंह को लिखित आवेदन सौंपकर समस्या के समाधान की मांग की है। आवेदन में अंडरब्रिज की लंबाई-चौड़ाई बढ़ाने और जल निकासी की समुचित व्यवस्था करने की मांग की गई है।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते सुधार नहीं किया गया तो यह अंडरब्रिज सुविधा के बजाय बड़ी समस्या बन जाएगा। मांगों की अनदेखी होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी गई है। फिलहाल क्षेत्रवासियों की नजर प्रशासन के निर्णय पर टिकी हुई है।

## हज यात्रियों के लिए राहत : 15 अप्रैल से बैंक देगा रियाल करेंसी

### इस साल राजगढ़ जिले से 200 जायरीन जाएंगे मक्का-मदीना



**राजगढ़।** हज की मुकद्दस यात्रा इस महीने से शुरू होने जा रही है, जिसमें राजगढ़ जिले के करीब 200 जायरीन शामिल होंगे। यात्रा की पहली उड़ान 18 अप्रैल को निर्धारित है, लेकिन अब तक यात्रियों को सऊदी अरब की मुद्रा 'रियाल' उपलब्ध नहीं हो पाई थी।

मामले की गंभीरता को देखते हुए हज कमेटी ऑफ इंडिया के ट्रेनर एडवोकेट इरशाद खान ने भारतीय स्टेट बैंक (रइक) की राजमहल शाखा के प्रबंधक श्री केलवा से मुलाकात की। बैंक प्रबंधन ने आश्वस्त किया है कि 15 अप्रैल से सभी यात्रियों को रियाल मिलना शुरू हो जाएंगे। यात्रियों को इसके लिए अपना पासपोर्ट, वीजा की प्रति और रइक में पैन कार्ड से लिंक अकाउंट की जानकारी देनी होगी।